HSBC Mutual Fund

# इस **वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक** में, यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं, जिनकी मदद से आप ऑनलाइन सुरक्षित और खतरे से बाहर रह सकते हैं।




**क्या सोशल मीडिया अकाउंट पर वेरिफ़ाइड बैज है?** चेक करें कि सभी ऑफ़िशियल अकाउंट में, अकाउंट के नाम के आगे नीले या ग्रे रंग का चेकमार्क लगा हो।

**कभी भी व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें:** ऑफ़िशियल अकाउंट से कभी भी व्यक्तिगत जानकारी जैसे पासवर्ड, ओटीपी, क्रेडिट कार्ड नंबर आदि नहीं मांगे जाते हैं।

**कभी भी ऐसे लिंक पर क्लिक न करें जिसके भेजने वाले को आप नहीं जानते,** वे धोखाधड़ी वाली वेबसाइट्स हो सकती हैं या ऐसे सॉफ़्टवेयर डाउनलोड होने का कारण बन सकते हैं जो आपकी व्यक्तिगत जानकारी से समझौता कर सकते हैं।

**हमेशा कठिन पासवर्ड लगाकर या** फ़िंगरप्रिंट लगाकर अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें, लॉक या बायोमेट्रिक्स (फ़ेस आईडी) से अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करें, अगर ऐसा करना संभव हो।

**क्या नाम संदिग्ध लगता है?** धोखाधड़ी वाले अकाउंट्स में अक्सर नाम या प्रोफ़ाइल में विसंगतियां होती हैं, इसलिए इनकी जांच करते समय सतर्क रहें।

**सुनिश्चित करें कि आपका फ़ोन/कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर अप टू डेट** रहे और ब्राउज़ करते समय आपको सुरक्षित रखने के लिए एंटी वायरस सॉफ़्टवेयर भी अप टू डेट रहे।

**कभी भी ऐसे मैसेज/ईमेल का जवाब न दें, जिनमें दावा किया गया हो कि "आपने पुरस्कार जीता है",** अगर आपने वाकई किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है, तो आयोजकों से संपर्क करें।

**हर समय सुरक्षित रहने के लिए** अपनी वित्तीय या व्यक्तिगत जानकारी, ईमेल आदि को ऐक्सेस करने के लिए कभी भी किसी और के डिवाइस का इस्तेमाल न करें।

**www.assetmanagement.hsbc.co.in**

हमें यहां फ़ॉलो करें

**एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड द्वारा निवेशकों को शिक्षित और जागरूक करने की पहल**

वन टाइम नो योर कस्टमर (केवाईसी) प्रक्रिया, सेबी स्कोर (https://www.scores.gov.in) सहित शिकायत निवारण प्रक्रिया के संदर्भ के लिए https://grp.hsbc/KYC पर विज़िट करें। निवेशकों को सेबी की वेबसाइट पर मध्यवर्ती संस्था/मार्केट इंफ़्रास्ट्रक्चर संस्थान के तौर पर सत्यापित होने के लिए, केवल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फ़ंड के साथ लेन-देन करना चाहिए (https://www.sebi.gov.in/ intermediaries.html)। एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड द्वारा शुरू की गई सभी 'निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल' के बारे में जानकारी के लिए निवेशक एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड की वेबसाइट पर 'निवेशक शिक्षा' सेक्शन देख सकते हैं। यह दस्तावेज़ भारत के बाहर या एनआरआई के लिए नहीं है, यह केवल भारतीय अधिकार क्षेत्र में वितरण के लिए है। यदि भारत के बाहर किसी के द्वारा इस जानकारी का उपयोग किया जाता है तो एचएसबीसी एमएफ किसी भी उल्लंघन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए, यहां क्लिक करें/वेबसाइट का सन्दर्भ लें।

यह दस्तावेज़ सिर्फ़ उन लोगों के लिए है, जो इसे भारत से ऐक्सेस करते हैं और इसे सिर्फ़ भारतीय अधिकार क्षेत्र में वितरण के लिए मंज़ूरी दी गई है। भारत के बाहर रहने वाले किसी भी व्यक्ति (निवेशकों, संभावित निवेशकों या वितरकों सहित) या भारत में रहने वाले विदेशी नागरिकों को इस दस्तावेज़ का वितरण करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

**म्यूचुअल फ़ंड निवेश बाजार जोखिमों के अधीन हैं, योजना से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को ध्यान से पढ़ें।**

CL1955